सरकार जल्द लाएगी टिकाऊ ईंधन नीति

नागर विमानन मंत्री नायडू बोले—एसएएफ से घटेगा तेल आयात, बढ़ेगी किसानों की आमदनी और हरित रोज़गार

नयी दिल्ली,06 नवंबर. नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार बहुत जल्द ही टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) पर एक नीति लेकर आएगी. इससे कच्चे तेल के आयात को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और अधिक हरित रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी.

राष्ट्रीय राजधानी में एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एसएएफ (टिकाऊ विमानन ईंधन) को अपनाने के लिए अधिक नवाचार, निवेश एवं सामूहिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है.

नायडू ने कहा कि सरकार बहुत जल्द एक एसएएफ नीति लेकर आएगी.मंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अलावा, एसएएफ किसानों की आय में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि करके उन्हें सशक्त बना सकता है.नायडू ने कहा कि एसएएफ उत्पादन हमारे कच्चे तेल के आयात खर्च को हर साल पांच से सात अरब अमेरिकी डॉलर तक कम करने के साथ-साथ एसएएफ मूल्य श्रृंखला में 10 लाख से अधिक हरित रोजगार सृजित करने में भी मदद कर सकता है.

भारत का लक्ष्य 2027 तक विमान ईंधन में एसएएफ का एक प्रतिशत, 2028 तक दो प्रतिशत तथा 2030 तक पांच प्रतिशत मिश्रण करना है. एसएएफ का उपयोग विमानन टरबाइन ईंधन में 'ड्रॉप-इन' ईंधन के रूप में किया जा सकता है जो विमानों को शक्ति प्रदान करता है. मंत्री ने कहा कि तेल कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों को भी एसएएफ उत्पादन में शामिल होना चाहिए.वैश्विक स्तर पर 2040 तक एसएएफ की आवश्यकता 18.3 करोड़ टन होने का अनुमान है. नायडू ने कहा, ''कच्चे माल से लेकर ईंधन तक, किसानों से लेकर विमान चालकों तक तथा तलने से लेकर उड़ान भरने तक,वास्तव में किसने सोचा होगा कि समोसे तलने वाले भी इस पूरे वैश्विक विमानन आंदोलन (एसएएफ पर) में हिस्सा ले सकते हैं.भारत में 75 करोड़ टन से अधिक 'बायोमास' उपलब्ध है और लगभग 21.3 करोड़ टन अधिशेष कृषि अवशेष है.

वैश्विक एसएएफ वर्तमान में बहुत कम है.मंत्री ने कहा कि देश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर एसएएफ का उत्पादन कर सकता है.

सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई 06 नवंबर. भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार, 6 नवंबर को बिकवाली का दबाव गहराया. सेंसेक्स और निफ्टी 50 लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए. मिड और स्मॉल-कैप शेयरों में भारी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में लगभग 4 लाख करोड़ का नुकसान हुआ. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 148 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 83,311 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स 88 अंक या 0.34 प्रतिशत टूटकर 25,509.70 पर आ गया. वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई. वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और घरेलू आर्थिक आंकड़ों में सुस्ती ने बाजार पर दबाव बनाया.

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता जल्द

गोयल ने कहा- समझौते से किसानों और छोटे व्यवसायों को बड़ा लाभ

सात महीनों में पाँच दौर की बातचीत, अप्रत्याशित गति से आगे बढ़ी प्रक्रिया

नई दिल्ली. भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूती देते हुए, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की है कि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं. गोयल ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले के गहन चर्चा के बाद यह बात कही.

न्यूजीलैंड में एक सामुदायिक स्वागत समारोह में भाग लेने के बाद, गोयल ने एएनआई से खास बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि हम जल्द ही न्यूजीलैंड के साथ एक एफटीए हासिल कर सकते हैं.' उन्होंने अपनी इस यात्रा को 'बहुत उपयोगी' बताया और कहा कि मार्च में शुरू हुई वार्ताओं में 'सम्मान और समायोजन की भावना' ने मार्गदर्शन किया है.

गोयल ने बताया कि बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और अब केवल कुछ ही बारीकियों पर ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने कहा, 'हमारी टीमों ने शानदार काम किया है. समायोजन की भावना से बहुत सी बातें समाप्त हो चुकी हैं.' उन्होंने स्पष्ट किया कि यह समझौता व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और कृषि के क्षेत्रों में एक लंबी साझेदारी का शुरुआती बिंदु होगा.

किसानों, मछुआरों और छोटे व्यवसायों को लाभ

गोयल ने इस समझौते को 'महत्वपूर्ण' बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के किसानों, मछुआरों और छोटे व्यवसायियों के लिए लाभकारी होगा. इससे दोनों देशों में निवेश, व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, रक्षा, अंतरिक्ष, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने जोर दिया कि भारत और न्यूजीलैंड एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते, बल्कि वैश्विक व्यापार का विस्तार करने के लिए मिलकर काम करते हैं.

प्राकृतिक रंगों व पारंपरिक तरीकों से बढ़ा सर्कुलर इकोनॉमी

नई दिल्ली, 06 नवंबर. एशिया-प्रशांत क्षेत्र की पारंपरिक कलाएं - जैसे सिंध की अजरख छपाई, बंगाल की जामदानी बुनाई, जापान की आइजोमे इंडिगो डाई तकनीक या फिलीपींस की बांस बुनाई - केवल कला नहीं, बल्कि सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की सशक्त मिसाल हैं. ये शिल्प न केवल सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हैं, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प क्षेत्र एसडीजी 8 (सम्मानजनक कार्य और आर्थिक वृद्धि) में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं. उदाहरण के तौर पर, इंडोनेशिया की 'टेनुन इकत' बुनाई सहकारी समितियां ग्रामीण कारीगरों को स्थायी रोजगार दे रही हैं. भारत में भी इसी मॉडल को अपनाकर शिल्प समूहों को माइक्रोफाइनेंस और टैक्स रियायत देकर सशक्त बनाया जा सकता है. एसडीजी 12 के तहत पारंपरिक कारीगरों द्वारा प्राकृतिक रंगों और पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों का उपयोग सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करता है.

सनफार्मा को दूसरी तिमाही में 3,118 करोड़ रुपये का मुनाफा

मुंबई, 06 नवंबर. दवा बनाने वाली अग्रणी कंपनी सनफार्मा को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में समग्र आधार पर 3,118 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत की वृद्धि है. कंपनी के निदेशक मंडल की बुधवार को हुई बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की गयी.

इसमें बताया गया है कि 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही कंपनी की कुल बिक्री 8.6 प्रतिशत बढ़कर 14,405 करोड़ रुपये पर और कुल राजस्व 9.55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,948 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. सनफार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गानोर्कर ने कहा, भारत, उभरते बाजारों और शेष दुनिया ने तिमाही में वृद्धि को गति दी.

पावर ग्रिड का प्रतियोगिता आयोजन

नागपुर, 06 नवबंर. केंन्द्रीय सतर्कता आयोग के मार्गदर्शन में महारत्न कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड केक्षेत्रीय मुख्यालय, प. क्षे.-1,नागपुर में सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी/थीम के साथ अवधि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2025 मनाया गया.

इसी तारतम्य में तक सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल,कोराडी रोड, नागपुर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया . प्रतियोगिता के उपरांत विजयी प्रतिभागियों को पावर ग्रिड अधिकारियो द्वारा प्रथम ,द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से

पुरस्कृत किया गया. इस कार्यक्रम के दौरान सतर्कता विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए पैम्फलेट वितरित किए गए औरएक सेल्फी पाइंट भी स्थापित किया गया था.

साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पावरग्रिड सतर्कता विभाग प्रमुख एम. श्रीनिवास राव एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्या द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र प्रदान किया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत में पावरग्रिड, सतर्कता विभाग प्रमुख, एम. श्रीनिवास रावने सभी उपस्थित छात्रों जन समूह को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई.

जियो का आएगा रिकॉर्ड तोड़ आईपीओ

नई दिल्ली, 06 नवंबर. जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की वैल्यूएशन 170 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है. निवेश बैंकरों का मानना है कि कंपनी का संभावित मूल्यांकन इसे भारत की सबसे बड़ी दो या तीन कंपनियों में शामिल कर सकता है.

यह आंकड़ा भारती एयरटेल जैसी कंपनियों से भी कहीं अधिक है. एयरटेल का मौजूदा वैल्यूएशन लगभग 12.7 लाख करोड़ रुपये है. जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड का आईपीओ, 2006 के बाद रिलायंस से जुड़ी किसी बड़ी यूनिट का पहला सार्वजनिक आईपीओ होगा.

बताते चलें कि 2006 में रिलायंस पेट्रोलियम की लिस्टिंग हुई थी. ब्लूमबर्ग के मुताबिक, निवेश बैंकरों ने जियो के लिए 130 अरब डॉलर से लेकर 170 अरब डॉलर तक का वैल्यूएशन प्रस्तावित किया है. जिसपर चर्चाएं फिलहाल चल रही हैं और अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है.

इससे पहले देश के नामी ब्रोकरेज हाउस आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने सितंबर-27 में जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड के इक्विटी वैल्यु को अपग्रेड करके 148 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अगस्त में कहा था कि जियो की लिस्टिंग 2026 की पहली छमाही में हो सकती है.

अंबानी 2019 से ही जियो के संभावित आईपीओ की बात कर रहे हैं. 2020 में मेटा प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक) और अल्फाबेट (गूगल) जैसी कंपनियों ने जियो में 10 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया था. सितंबर के अंत तक जियो के पास लगभग 50.6 करोड़ ग्राहक थे, और प्रति ग्राहक औसत राजस्व 211.4 रुपये था. इस पूरे मामले पर रिलायंस की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है.

एसबीआई फंड्स का आयेगा आईपीओ

मुंबई, 06 नवंबर. भारतीय स्टेट बैंक की इकाई एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम अगले साल आयेगा. एसबीआई ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि वह एसबीआईएफएमएल में अपनी लगभग 6.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी. इसके अलावा दूसरी प्रवर्तक कंपनी अमुंडी इंडिया होल्डिंग अपने 1,88,30,000 शेयर (लगभग 3.7 प्रतिशत) शेयर बेचेगी. इस प्रकार कुल मिलाकर ओएफएस के लिए 5,08,90,000 (करीब 10 प्रतिशत) शेयर उपलब्ध होंगे.

एनबीसीसी लिमिटेड ऑस्ट्रेलिया में परियोजनाएं करने के लिए तैयार

गोल्डफील्ड्स ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

कैनबरा, 06 नवबंर. एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया में रियल एस्टेट, अवसंरचना और पुनर्विकास परियोजनाओं पर सहयोग करने के लिए मेलबर्न स्थित एक अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर गोल्डफील्ड्स ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.

समझौता ज्ञापन पर प्रदीप शर्मा, कार्यपालक निदेशक (व्यापार प्रसार), एनबीसीसी और श्री डॉ. हर्षवर्धन, प्रबंध निदेशक, मेडअचीवर्स प्राइवेट लिमिटेड (गोल्डफील्ड्स ऑस्ट्रेलिया के अनन्य एवं आधिकारिक भागीदार) ने हस्ताक्षर किए. श्री के.पी. महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी; श्री मार्को गैटिनो, प्रबंध निदेशक, गोल्डफील्ड्स ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट लिमिटेड; डॉ. सुमन कुमार, निदेशक (वाणिज्य) और श्री अंजीव कुमार जैन, निदेशक (वित्त) की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

यह समझौता ज्ञापन दोनों संगठनों के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों और संरचनाओं के आधार पर परियोजनाओं की पहचान, विकास और निष्पादन के लिए साझेदारी की रूपरेखा

इस सहयोग का उद्देश्य मेलबर्न, ब्रिस्बेन और पर्थ सहित प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई शहरों में आवासीय अपार्टमेंट, बिल्ड-टू-रेंट परियोजनाएं, मास्टर-प्लान्ड समुदाय, आतिथ्य, वाणिज्यिक कार्यालय टावर और मिश्रित उपयोग वाले परिसर विकसित करने में गोल्डफील्ड्स के व्यापक अनुभव के साथ निर्माण, इंजीनियरी और परियोजना प्रबंधन में एनबीसीसी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता को जोड़ना है. इस समझौते के तहत, एनबीसीसी भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में ऑस्ट्रेलिया में एक शाखा कार्यालय खोलने की प्रक्रिया शुरू करेगा.

गूगल मैप्स में आया जेमिनी एआई . . .

अब नेविगेशन होगा और स्मार्ट - जेमिनी देगा दिशा, जानकारी व यात्रा का इंटरएक्टिव अनुभव

नई दिल्ली, 06 नवंबर. गूगल ने अपने प्रमुख ऐप 'गूगल मैप्स' में जेमिनी एआई को एकीकृत कर दिया है, जिससे उपयोगकर्ताओं को अब और अधिक स्मार्ट व स्वाभाविक नेविगेशन का अनुभव मिलेगा. कंपनी के अनुसार, यह अपडेट ऐसे है जैसे आपके साथ कार में एक जानकार साथी बैठा हो, जो रास्ते में आपकी मदद करता रहे.

नए अपडेट के साथ, गूगल मैप्स में अब जेमिनी एआई वॉयस असिस्टेंट के रूप में गूगल असिस्टेंट की जगह लेगा. एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर स्क्रीन के दाहिनी ओर जेमिनी का आइकन दिखेगा. उपयोगकर्ता ।द्र4 त्रश्रश्रद्यद्यद्र कहकर या आइकन टैप कर जेमिनी को सक्रिय कर सकेंगे. उपयोगकर्ता जेमिनी से रूट पर मौजूद रेस्टोरेंट, पार्किंग, ईवी चार्जर या लोकप्रिय व्यंजन जैसी जानकारी पूछ सकेंगे. एंड्रॉयड पर उपयोगकर्ता अन्य ऐप्स से कनेक्ट होकर कैलेंडर ईवेंट बना सकेंगे, ईमेल का सारांश देख सकेंगे और श्वञ्ज साझा कर सकेंगे- वह भी मैप्स से बाहर गए बिना.

ट्रैफिक और वॉयस रिपोर्टिंग फीचर- नया अपडेट ड्राइवरों

को रीयल-टाइम ट्रैफिक रिपोर्ट देने की सुविधा भी देता है. चालक 'आगे दुर्घटना है' या 'सड़क पर पानी भरा है' जैसे वाक्य कहकर ट्रैफिक डेटा साझा कर सकते हैं.

लैंडमार्क आधारित नेविगेशन

गूगल ने मैप्स में लैंडमार्क-बेस्ड नेविगेशन की सुविधा भी जोड़ी है. अब ऐप केवल '200 मीटर आगे मुड़ें' कहने के बजाय 'पेट्रोल पंप के बाद दाएं मुड़ें' या 'संग्रहालय से पहले बाएं मुड़ें' जैसी निर्देश देगा. यह फीचर फिलहाल अमेरिका में शुरू किया गया है और जल्द अन्य देशों में भी उपलब्ध होगा.

शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेस -IV, गुरूग्राम -122015 (हरियाणा)

फोन: 0124-4212530/31/32, ईमेल : customercare@shubham.co, वेबसाईट - www.shubham.co

अचल संपत्ति/(यों) की नीलामी सह विक्रय हेतु आम सूचना

नियम 8 (6) / 9 (1) एवं परिशिष्ट –IV– ए के प्रावधानों के अनुसार अचल सपंत्तियों के विक्रय की आम सूचना

(सिक्योटराईजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रेस्ट एक्ट 2002, के अंतर्गत)

जहाँ कही, अधोहस्ताक्षरकर्ता शुभम हाऊसिंग डेवलपमेंट फायनेंस लिमिटेड (यहाँ आगे कंपनी कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी में से एक हैं। अधोहस्ताक्षरकर्ता शुभम हाऊसिंग डेवलपमेंट फायनेंस लिमिटेड के बतौर प्राधिकृत अधिकारी सिक्यूरीटाईजशेन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्टेटस एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंट्रस्ट (इफोर्समेंट) नियम 2002 (अधिनियम) का नियम 9 के अनुपालन के साथ सिक्युरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) रुल्स, 2002 (नियम) नियम 9 में प्रदत्त शक्तियों को सपठित धारा 13 (2) के अंतर्गत नीचे संबंधित ऋणकर्ताओं जिनके नाम नीचे कॉलम (सी) में तिथि पर जो नीचे कॉलम (डी) में और चुकाये जाने वाली शेष राशि कॉलम (ई) में दशाई गई है, को प्रत्येक खातें में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान उपरोक्त सूचना की प्राप्ती दिनांक / सूचना की दिनांक से 60 दिवस में करने हेतु बुलाया गया था।

ऋणकर्ता/ओं राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, इस एतद सूचना द्वारा ऋणकर्ता/ओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नियम की धारा 13 (4) के साथ सपठित उपरोक्त नियम 9 के अंतर्गत उनको / उन्हे प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के समक्ष दर्शायी गयी दिनांक को नीचे कॉलम (एफ) में दर्शाई वर्णित सम्पत्ति / यों पर नीचे कॉलम (एच) दर्शाई तिथि को अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ता को विशेष तौर पर एवं आम जनता को सामान्य तौर पर सावधान किया जाता है कि कॉलम (एफ) में दर्शाई संपत्तियों के साथ संव्यवहार न करें और इन संपत्तियो के साथ कोई भी व्यवहार कॉलम (जी) में दर्शाई राशि के लिए शुभम हाऊसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के अंतर्गत होगा । अब, ऋणकर्ताओं और आम जनता को यह सूचना भी दी जाती है कि प्रत्येक संपत्ति के लिये कॉलम (के) में दर्शाई तिथि, समय और स्थान पर संपत्तियों का विक्रय किया जायेगा।

क्र. सं.	आवेदन संख्या	ऋणकर्ता (ओं) का नाम एवं पता	धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	वर्तमान देय राशि (03.11.2025 तक)	अधिकरण की तिथि एवं प्रकार	आरक्षित राशि (रु.)	ईएमडी (रु.) आरक्षित मूल्य का 10%	नीलामी की तिथि, समय व स्थान
ए	बी	सी	डी	ई	एफ	जी	एच	आई	जे	के
1.	0IDR220 9000005 051551	आकाश सिलावत, आरती सिलावत, 13/1 कलाली मोहल्ला राम मंदिर, इंदौर, मध्य प्रदेश-452001	23-12-2024	₹ 25,40,073 /-	प्लॉट नंबर 12 पैकी (नया नंबर 13/1), वार्ड नंबर 62 संयोगितागंज, (कलाली मोहल्ला), गली नंबर 01 तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001	₹ 28,24,434 /-	05–03–2025 (सांकेतिक आधिपत्य)	₹ 24,01,984 /-	₹ 2,40,198 /-	09–12–2025, सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, मकान संख्या 290/1 न्यू 615, ग्राउंड फ्लोर भवरताल गार्डन के पास, स्पंदन हॉस्पिटल के सामने, नेपियर टाउन, जबलपुर म.प्र. – 482002,

नोट : कंपनी की जानकारी के अनुसार उपरोक्त संपत्तियों पर कोई भार नहीं हैं।

नीलामी सह विक्रय के लिए नियम व शर्तें

आम नीलामी के लिए नियम व शर्तें : – बोली आमंत्रण द्वारा आम नीलामी की प्रक्रिया एवं नियम व शर्तें:

1. **सम्पत्तियों का निरीक्षण दिनांक 05/12/2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं. 4:00 बजे के मध्य किया जा सकता है।**
2. विक्रय सरफेसी एक्ट / रुल्स 2002 के और इच्छुक / भागीदार बोलीकर्ताओं द्वारा जमा किये गये प्रस्ताव / बोली दस्तावेज के अनुसार यहाँ दर्शाई गई नियम व शर्तों के अनुसार उस पर कड़ाई से लागू शर्तों अनुसार होगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं द्वारा जमा किए गए प्रस्ताव / निविदा प्रपत्र में दर्शाई गई नियम व शर्तों के अनुसार विक्रय होगा।
3. बोलीया एक मोहरबंद लिफाफे में जमा धरोहर राशि (ईएमडी) सहित अपने प्रस्ताव किसी अधिसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर के द्वारा स्थानीय शुभम हाऊसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कंपनी में भुगतान योग्य प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में जमा करें। जमा धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। बोली आवेदन के साथ प्रस्तावित बोलीदाता को उसका / उसकी पहचान पत्र / केवाईसी मानदंड आवास का प्रमाण पत्र जैसे पासपोर्ट, आधार कार्ड, निर्वाचन आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस आदि की छायाप्रति संलग्न करना होगी एवं आय कर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य है।
4. धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 08/12/2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं. 4:00 बजे** के मध्य किया जा सकता है।
5. अंत में संपत्ति की दर्शाई आरक्षित मूल्य से कम पर विक्रय नहीं होगी।
6. विक्रय की तिथि पर सभी बोलियाँ खोली जायेगी संपत्ति दिये गये आरक्षित मूल्य से उच्चतम बोलीकर्ता को विक्रय की जायगी । यद्यपि उपस्थित बोलीकर्ता अपनी बोली बढ़ाने का अधिकार रखते हैं, न्यूनतम 5000/– (रुपये पाँच हजार मात्र) और उच्चतम प्रस्तावित मूल्य को कंपनी को स्वीकार करने का अधिकार है। सफल बोलीकर्ता / क्रेत द्वारा निर्धारित राशि (धरोहर राशि सहित) का 25% (पच्चीस प्रतिशत) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विक्रय के संबंध में स्वीकार करने के तुरंत / उसी दिन या बोली समाप्त होते ही करनी होगी, जिसकी प्राप्ति पर विक्रय की पुष्टि होगी। समय में विस्तार का निवेदन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निमय व शर्तों के अंतर्गत उसके एकल निर्णय के अनुसार होगा। बोली समाप्त होने के तुरंत बाद उच्चतम बोलीकर्ता 25 प्रतिशत राशि जमा करने में असफल होता है तो तब उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी एवं सम्पत्ति द्वितिय उच्चतम बोलीकर्ता को प्रस्तावित की जायेगी। सफल बोलीकर्ता / क्रेता द्वारा निलामी राशि का शेष राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विक्रय के संबंध में स्वीकार करने के पन्द्रह दिन के भीतर अथवा लिखित में प्रधिकृत अधिकारी द्वारा विस्तार की गई अवधि में जमा करनी होगी। शेष विक्रय राशि के भुगतान में चूक होने पर निर्धारित अवधि में, जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी और सुरक्षित लेनदार पुनः बिक्री के लिए स्वतंत्र हो जायेगा तथा चूककर्ता क्रेता को क्रय के लिए पहले किये गए भुगतान के किसी भाग को जब्त तथा संपत्ति या उसके किसी अंश से संबंधित सभी दावे समाप्त समाप्त माने जाएगे।
7. क्रेता द्वारा सभी भुगतान डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर द्वारा शुभम हाऊसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कंपनी लिमिटेड के पक्ष में करने होंगे।
8. विक्रय का क्रेता द्वारा पूर्ण भुगतान करने पर, कंपनी क्रेता के पक्ष में एक सेल सर्टिफिकेट जारी करेगी तथा संपत्ति का अधिग्रहण क्रेता को सौंपा देगी।
9. यहाँ दर्शाई अचल संपत्ति अधोस्ताक्षरकर्ता द्वारा पुष्टीकरण की तिथि के बाद आग द्वारा हानि या क्षय, चौरी या अन्य दुघर्टना, अन्य खतरे पूर्णः पेश सफल क्रेता के एकल जोखीम पर होगी। सफल बोली दाता को उक्त बिक्री को किसी भी आधार पर रदद करने का अधिकार नहीं होगा।
10. असफल बोलीकर्ताओं द्वारा धरोहर राशि के लिये जमा किये गये डिमांड / पे आर्डर वापस कर दिये जायेंगे।
11. संपत्ति 'जहाँ है, जैसी है' एवं 'जैसी है वैसी है एवं बिना किसी सहारे' के आधार पर विक्रय होगी। कंपनी को उपरोक्त संपत्तियों पर किसी भार की जानकारी नहीं है।
12. सभी व्यय स्टैंप ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन चार्ज, ट्रांसफल चार्ज अतिदेय सहित कोई अन्य बकाया क्रेता द्वारा भुगतान किया जाएगा।
13. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम प्रस्ताव या किसी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और कंपनी किसी या सभी बोली को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार रखते हैं।
14. बिक्री प्रक्रिया में बोलीकर्ताओं / प्रस्तावकर्ताओं या उनके प्रधिकृत प्रतिनिधियों के अतिरिक्त किसी अन्य को भागीदारी की अनुमति नहीं होगी ।
15. उपरोक्त नीलामी प्रक्रिया में यदि सभी लागत, अधिभारों और कंपनी द्वारा किए सभी खर्चों सहित उपरोक्त ऋणकर्ता द्वारा, नीलामी की तय तिथि के किसी भी समय पूर्व सेक्शन 13 (8) के अंतर्गत सम्पूर्ण राशि का भुगतान हेतु प्रस्तुत किए जाते हैं, तब संपत्ति विक्रय नहीं की जायेगी तथा भावी बोलीकर्ताओं द्वारा जमा की गई बोलीकंपनी के विरुद्ध बिना किसी देयता / दावे के वापस कर दी जायेगी।
16. यह सूचना उपरोक्त ऋणकर्ता के लिये सिक्योरिटी इंट्रेस्ट एनफोर्समेंट रुल्स 2002 के रुल 8 (6) एवं परिशिष्ट IVA के अंतर्गत एक नोटिस है, ग्राहक के कॉलम सी एवं एफ में दर्शाये पते पर ।
17. विस्तृत नियम व शर्तों के लिये कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट अर्थात् www.shubham.co रेफर करें।
18. अधिक जानकारी, स्पष्टता या किसी भी सहायता के लिए, प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है – **बृजेश कुमार शुक्ला, मोबाइल नंबरः 9451139900**

स्थान : गुडगाँव
दिनांकः 06-11-2025

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

समाचार विशेष

धनबल और जनबल की लड़ाई

वसुंधरा राजे का कर्जा चुकाने का वादा

जयपुर. अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजस्थान की राजनीति पूरी तरह गर्म हो चुकी है. पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बारां पहुंचीं और उन्होंने इस चुनाव को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. वसुंधरा राजे ने अंता उपचुनाव को धनबल और जनबल के बीच की सीधी लड़ाई बताया है. उन्होंने साफ कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि जीत हमेशा जनबल (जनता की ताकत) की होती है. उन्होंने यकीन जताते हुए कहा कि जनता इस बार भी धनबल के ऊपर प्रभाव डालते हुए हमारे लोकल उम्मीदवार मोरपाल सुमन को जिताने का काम करेगी.

पूर्व सीएम ने बताया कि अंता के लोगों की लंबे समय से स्थानीय प्रत्याशी की मांग थी. लोगों की बात मानते हुए ही बीजेपी ने मोरपाल सुमन को टिकट दिया है, जो पूरी तरह से लोकल हैं. राजे ने अंता के मतदाताओं से अपील की कि मोरपाल उनका घर का व्यक्ति है और उसे सपोर्ट करने में कोई कमी न रखें. उन्होंने कहा कि मोरपाल की जीत से अंता की जनता को तीन प्रतिनिधि मिलेंगे—खुद मोरपाल, सांसद दुष्यंत (उनके बेटे) और वह स्वयं. राजे ने जोर देकर कहा कि स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देने से लोगों का जो विश्वास मिला है, वह उनके लिए एक कर्जा है.

मोरपाल सुमन के पास कितनी संपत्ति?

भाजपा के 10वीं पास उम्मीदवार मोरपाल सुमन के पास 45 लाख रुपये की चल और 55 लाख रुपये की अचल संपत्ति है. इसके अलावा उनकी पत्नी के पास कुल 25 लाख 28 हजार रुपये की कुल संपत्ति है. मोरपाल सुमन के पास 1 मोटर साइकिल, एक ट्रैक्टर और एक स्कॉर्पियो कार भी है, जो उन्होंने 12 मई 2025 को ही खरीदी है. इसके अलावा मोरपाल सुमन के पास डेढ़ तोला सोना और उनकी पत्नी के पास 500 ग्राम चांदी के साथ 50 ग्राम सोना भी है. उन पर कुल 17 लाख 50 हजार रुपये के लोन दायित्व हैं.